# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

*Website: www.ukpsc.gov.in*

**संख्या ::72/46/E-1/DR(PCS)/ 2021-22,** **दिनांक :: 27अगस्त, 2021**

## उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापनसंख्याः A-1/E-1/PCS-21/2021-22,दिनांक 10 अगस्त, 2021 के अन्तर्गत **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021**के कुल 224 पद विज्ञापित किये गये हैं। उक्त विज्ञापन के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त, 2021 है।शासन के पत्र संख्या– 264/XXX(2)/2021–30(10) 2019 दिनांक 27 अगस्त, 2021 के अनुक्रम में सीधी भर्ती के समूह 'ख' के पदों पर चयन के सम्बन्ध में एक बार के लिए अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट प्रदान किया जाना है तथा शासन द्वारा विभिन्न विभागों के कतिपय पदों पर चयन हेतु नवीन अधियाचन तथा रोस्टर परिवर्तन के अनुक्रम में संशोधित अधियाचन उपलब्ध कराये गये हैं।

उक्त के सापेक्ष नवीन पदों को सम्मिलित करते हुए यथाशीघ्र शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जाएगा तथा इस संबंध में नवीन अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाएंगे। वे अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन कर चुके हैं किन्तु शुद्धि पत्र में उल्लिखित अधिमानी अर्हता धारित करते हैं, उन्हें उक्त अधिमानी अर्हता का विकल्प चयन करने के लिए भी पृथक से अवसर प्रदान किया जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विज्ञप्ति पृथक से दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाईट **www.ukpsc.gov.in** पर प्रसारित की जायेगी।

S/d-

**(कर्मेन्द्र सिंह)**

**सचिव।**